**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 21-10-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस लाइन बस्ती मे पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे किया गया प्रतिभाग।**
- **शहीद पुलिस जवानो की शहादत को याद कर दी गयी श्रद्धांजलि।**

आज दिनांक -21-10-2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस लाइन बस्ती के शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया गया। जिनके द्वारा शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर उनकी शहादत को नमन किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा बताया गया कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति में तैनात भारतीय पुलिस के एक छोटे से गश्ती दल पर चीनी सेना ने घात लगाकर हमला किया था। इस लड़ाई में 10 जवान शहीद हो गए थे। इन्ही वीर जवानो के याद मे प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाते है तथा शहीद पुलिस कर्मियो को श्रद्धांजलि अर्पित करते है।उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक बस्ती, अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती, सभी क्षेत्राधिकारीगण , प्रतिसार निरीक्षक, थाना प्रभारीगण व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**